हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

(पूर्व नाम– दुर्ग विश्वविद्यालय, दुर्ग)
रायपुर नाका, दुर्ग
Email: registrar@durguniversity.ac.in Website: www.durguniversity.ac.in Phone 0788-2359100

क्र.1939 / कुलसचिव कार्या. / 2024 दुर्ग, दिनांक : 27 / 05 / 2024

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय,
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

विषयः–राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में अगामी शैक्षणिक सत्र में कियान्वयन हेतु एक दिवसीय ऑनलाईन संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन 01 जून 2024 को दोपहर 12:30 बजे।

संदर्भः– कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर का पत्र कमांक 521 / 187 / आउशि / गु.प्र. / 2024 नवा रायपुर दिनांक 20.05.2024

उपरोक्त विषयांतर्गत उल्लेख है कि उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग में अगामी शैक्षणिक सत्र में कियान्वयन हेतु एक दिवसीय ऑनलाईन संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन 01 जून 2024 को दोपहर 12:30 बजे किया जा रहा है। इस कार्यशाला का आयोजन जूम प्लेटफॉर्म पर किया जायेगा। इस कार्यशाला में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से रिसोर्स पर्सन के रूप में डॉ. जी. ए. घनश्याम तथा डॉ. डी. के. श्रीवास्तव ऑनलाईन रूप से उपस्थित रहकर प्रतिभागी प्राचार्यों, प्राध्यापकों, एवं प्रवेश प्रभारियों के जिज्ञासाओं का समाधान करेंगे। विश्वविद्यालय की माननीय कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला में ऑनलाईन रूप से उपस्थित रहेंगी। इसका ऑनलाईन लिंक नीचे प्रदर्शित है।

आपसे अनुरोध है कि नीचे उल्लेखित बिन्दु अनुसार इस कार्यशाला में आपके महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की ऑनलाईन उपस्थिति सुनिश्चित् करें। कार्यशाला में अनुपस्थित रहने वाले महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे।

1. उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार इस ऑनलाईन कार्यशाला में प्रत्येक महाविद्यालय से अनिवार्य रूप से प्राचार्य, एनईपी कियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक तथा प्रवेश प्रभारी की उपस्थिति होनी चाहिए।
2. प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य यह सुनिश्चित् करे कि बिन्दु कमांक 01 में उल्लेखित तीनों प्रतिभागियों के अलावा महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों को महाविद्यालय में बुलाकर (जो प्राध्यापक ग्रीष्म अवकाश पर है उन्हें भी एक दिन के लिए महाविद्यालय बुलाया जाये) एक हॉल में बड़ी स्कीन पर इस ऑनलाईन कार्यशाला का प्रदर्शन किया जा सके जिससे ज्यादा से ज्यादा शैक्षणिक स्टॉफ इस कार्यशाला का लाभ उठा सकें।. शहर से बाहर अवकाश पर रहने वाले प्राध्यापकों को लिंक भेजकर उनकी ऑनलाईन उपस्थिति सुनिश्चित करें।
3. प्रत्येक महाविद्यालय के प्राचार्य को अपने महाविद्यालय के प्राध्यापकों द्वारा बड़ी स्कीन पर दिखाई जा रही कार्यशाला का केवल 01 रंगीन छायाचित्र तथा उपस्थित प्राध्यापकों की हस्ताक्षर युक्त उपस्थिति पत्रक विश्वविद्यालय के कुलसचिव को 03 जून 2024 तक भेजा जाना आवश्यक है। इन्हें उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन को तत्काल प्रेषित किया जायेगा।
4. कार्यशाला के प्रतिभागी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सम्बद्ध में अपनी शंका अथवा प्रश्नों को पूर्व से तैयार कर रख ले जिससे समय की महत्ता का ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा शंका समाधान किया जा सके ।

HEMCHAND YADAV UNIVERSITY DURG INVITES YOU IN ONLINE MEETING FOR SENSITIZATION ON NATIONAL EDUCATION POLICY 2020
Time: Jun 1, 2024 12:20 PM Mumbai, Kolkata, New Delhi
Join Zoom Meeting
https://us02web.zoom.us/j/85852922043?pwd=WKo9DPp905nTU5bbtgdCCsCU7Y1Byz.1
Meeting ID: 858 5292 2043
Passcode: university

कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

पृ.क्र.1940/ कुलसचिव कार्या./2024 दुर्ग, दिनांक : 27/05/2024
प्रतिलिपिः–
1. माननीय कुलपति महोदया एवं कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग
2. कार्यालय फाईल।

-Sd-
कुलसचिव
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग